प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2024/754 दिनांकः 29 फरवरी, 2024

सेवा में,
निदेशक/प्राचार्य/समस्त छात्र
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः सत्र 2023-24 के विषम सेमेस्टर के द्वितीय चरण की समस्त पाठ्यक्रमों के रेगुलर एवं कैरी ओवर परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं के प्रवेश पत्र, वेरिफिकेशन एवं परीक्षार्थियों की सूची जारी किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के सत्र 2023-24 के विषम सेमेस्टर के द्वितीय चरण की समस्त पाठ्यक्रमों के रेगुलर एवं कैरी ओवर छात्र/छात्राओं की परीक्षाएं **दिनांक 06 से 30 मार्च, 2024** के मध्य ऑफ-लाइन मोड में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित कराया जाना निर्धारित है।

उक्त परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले **द्वितीय वर्ष (नवप्रवेशित को छोड़कर) के अध्ययनरत छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र सीधे छात्र ई0आर0पी0 लॉगिन में तथा सत्र 2023-24 के नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र संस्था के ई0आर0पी0 लॉगिन में उपलब्ध करा दिया गया है,** जिसको संस्थान अपने स्तर से नियमानुसार सत्यापन करते हुए पात्र/अर्ह छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र अपने स्तर से प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उक्त परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले परीक्षार्थियों का वेरिफिकेशन कार्ड एवं सूची संस्थान ई0आर0पी0 लॉगिन में अलग से ससमय उपलब्ध करा दिया जायेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त अवगत होते हुए आपके संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

29/02/2024

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रति-कुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक